फतह का फतवा पर बरेली से उठी थी रोक की आवाज

बरेली | कार्यालय संवाददाता।

फतह का फतवा प्रोग्राम पर बैन लगाने के लिए बरेली मरकज से आवाज उठी थी। दरगाह आला हजरत के नासिर कुरैशी ने राष्ट्रपति से शिकायत कर प्रोग्राम पर रोक लगाने की मांग की थी। प्रोग्राम पर रोक लगी और इसकी सूचना अब उन्हें मिली है।

एक टीवी चैनल पर फतेह का फतवा नाम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए प्रोग्राम प्रसारण हो रहा था। बरेली से नासिर कुरैशी ने फतह का फतवा प्रोग्राम पर बैन लगाने के लिए 22 जनवरी को राष्ट्रपति को संबोधित एक पत्र लिखा था।

नासिर कुरैशी ने बताया कि प्रोग्राम के जरिए इस्लाम के खिलाफ गलत प्रचार किया जा रहा था जिसकी शिकायत मैंने राष्ट्रपति से लिखित में की थी आज उसका जवाब लिखित में मेरे पास आया है।